## स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे विश्व आर्थिक मंच के दौरान मिली सफलता

# यूपी-हीरो समूह के बीच 40 अरब के निवेश का एमओयू

### उपलब्धि

लखनऊ, विशेष संवाददाता। हीरो ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़ की हीरो फ्यूचर एनर्जीज़ (एचएफई) व यूपी सरकार के बीच 4000 करोड़ रुपये के निवेश का करार किया गया। इसके जरिए उत्तर प्रदेश में हरित ऊर्जा एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी परियोजनाएं लगेंगी।

दावोस (स्विट्जरलैंड) में हो रहे विश्व आर्थिक मंच के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह तथा हीरो फ्यूचर एनर्जीज़ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राहुल मुंजाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। आईडीसी मनोज कुमार सिंह की नेस्ले ग्लोबल के अध्यक्ष पॉल बुल्के के साथ बैठक में नेस्ले का एक प्लांट स्थापित करने की संभावना पर विचार किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य में किसानों के साथ नेस्ले के साझा सहयोग की संभावनाएं तलाशीं। उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने आज एचसीएल टेक्नोलॉजीज़, यूनिलीवर, नेस्ले, माइक्रोसॉफ्ट तथा रीन्यू इत्यादि कंपनियों के उच्चाधिकारियों से भी मुलाकात की। इन कंपनियों ने निवेश करने के लिए सकारात्मक पहल की है।



दावोस में एमओयू के दौरान आईडीसी मनोज कुमार सिंह व हीरो के राहुल मुंजाल।

**01** सौ एकड़ में एचसीएल की योजना लखनऊ में पहले ही चल रही

**02** गीगावॉट की हीरो एनर्जी की योजना भारत में प्रस्तावित

## नैटको फार्मा ने लैब लगाने में दिखाई रुचि

लखनऊ/ हैदराबाद। भारत बायोटेक के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. कृष्णा एला का कहना है कि यूपी क्लिनिकल ट्रायल्स, विशेष केमिकल्स इत्यादि पर ध्यान केंद्रित कर एक महत्वपूर्ण फार्मा केंद्र के रूप में उभर सकता है।

हैदराबाद में हुए फार्मा कॉनक्लेव में कंपनियों ने यूपी में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इसमें सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, डॉ जीएन सिंह, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश व यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने यूपी को फार्मा के विश्वसनीय हब की तौर पर प्रदर्शित किया।